चलो माँ के द्वार भक्तों

माँ, जय जय माँ,
माँ, जय जय माँ,
चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया,
बिगड़ी बनेगी सबकी,
बिगड़ी बनेगी सबकी,
संदेसा माँ का आया,
चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया.....

हुए दूर कष्ट सारे,
जगदम्बे माँ के द्वारे,
सच ख़्वाब हुए सब के,
माँ ने दिए सहारे,
दुख दूर हुआ पल में,
दुख दूर हुआ पल में,
जयकारा जो लगाया,
चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया......

दुखियों का वैष्णो देवी,
बस एक आसरा है,
भक्तों के साथ मैया,
रहती यहाँ सदा है,
अपनी दया से माँ ने,
अपनी दया से माँ ने,
बिगड़ी को है बनाया,
चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया.....

मौका मिला है सब को,
इसको ना तुम गँवाना,
दरबार माँ के आओ,
जो भाग्य है बनाना,
मैया से बिना मांगे,
मैया से बिना मांगे,
सब कुछ है पल में पाया,
चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया.....

चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया,

बिगड़ी बनेगी सबकी,
बिगड़ी बनेगी सबकी,
संदेसा माँ का आया,
चलो माँ के द्वार भक्तों,
मैया ने है बुलाया……

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28909/title/chalo-maa-ke-dwar-bhakto

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |